दिनांक–29.12.2018

निविदा सूचना

उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण सस्थान, सिरसा रोड़, हिसार, हरियाणा के चन्द्रशेखर आजाद छात्रावास में लगभग 6,500 स्केयर फीट एरिया में पार्किंग/एन्टीस्लिप टाईल फिटिंग का केवल लेबर कार्य को ठेके पर करवाने हेतु सादे कागज पर निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैः–

1. निविदा सादे कागज पर निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण सस्थान, सिरसा रोड़, हिसार के नाम पर डिमांड ड्राफट जो कि भारतीय स्टेट बैंक, हिसार मुख्य शाखा कोड–0652 में देय, के साथ जमा करनी होगी।
2. कार्य स्थल का निरिक्षण किसी भी कार्य दिवस के दिन प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक किया जा सकता है।
3. बारह हजार रूपये की जमानत राशि डिमांड ड्राफट के रूप में जमा करवानी होगी। असफल निविदा दाता की जमानत राशि उसी दिन वापिस कर दी जायेगी।
4. निविदा दाता निविदा के साथ अपना स्थायी पते का विवरण देते हुए वैध राजकीय फोटो पहचान पत्र की प्रति सलंग्न करेंगें। कार्य की दर प्रति स्केयर फीट के हिसाब से देनी होगी।
5. निविदाएं दिनांक 04.01.2019 को दोपहर 3.00 बजे तक संस्थान के निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। निविदाएं उस दिन ही दोपहर 3.30 बजे पश्चात खोली जाएगी।
6. कार्य आदेश प्राप्ति की दिनांक से 30 दिनों के अन्दर–अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा।
7. कार्य के दौरान निविदा दाता या उसके मजदूरों इत्यादि द्वारा कार्यालय अनुशासन का पालन करना होगा एंव उन द्वारा किए गये किसी भी अनुचित व्यवहार के लिए निविदा दाता स्वंय जिम्मेवार होगा।
8. कार्य हेतु लगने वाला सारा सामान यथा सिमेन्ट, टाईल, क्रैशर, बजरी, पानी एंव आवश्यकता पड़ने पर बिजली इत्यादि संस्थान द्वारा दी जाएगी लेकिन कार्य करने के औजार निविदा दाता द्वारा लाने होगें।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार संस्थान के निदेशक का होगा।

–कृते निदेशक–